तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

सावन माह के अंतिम सोमवार को मंदिरों में उमड़ी... 10



सात सितंबर को जींद में होगा भव्य सम्मेलन 10



## खबर संक्षेप

### दवा के धोखे में जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

**जींद।** गांव लिजवाना कलां में संदिग्ध हालात में जहर के प्रभाव से युवती की मौत हो गई। परिजनों को कहना था कि दवा के धोखे में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। लिजवाना कलां निवासी 20 वर्षीय युवती को निजी अस्पताल लाया गया। जहां पर युवती की मौत हो गई।

### कार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कैथल।** गांव पाडला में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव पाडला के रतन सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 30 जुलाई को अज्ञात कार चालक ने गांव पाडला में गाड़ी को लापरवाही से चलते अज्ञात को चपेट में ले लिया जिससे मौके पर की मौत हो गई।

### जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक 11 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन आगामी 11 अगस्त को सुबह साढ़े 12 बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### गांव अगोंध में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जिले के गांव अगोंध में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव अगोंध प्रदीप शर्मा ने बोला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जुलाई को रात करीब 8:30 बजे जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही जगा, महेंद्र, परवीन, लाडी, मानसू तथा मान्ता ने मिलकर तेजधार हथियार तथा लाठियां से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### नाबालिग लड़की लापता अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना इलाके से नाबालिग लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने पर कोई सुराग नही लगा।

### गेहूं की बोरी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला क्षेत्र के रामथली समाधा में स्थित मंडी से गेहूं की बोरी चोरी के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस के एचसी बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी रामथली निवासी धीरज को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मेगा माजरा निवासी गुरविंद्र सिंह की शिकायत अनुसार उसकी रामथली समाधा मंडी में स्थित आढ़ती की दुकान से गेंहूं की पांच बोरियां चोरी कर ले गए।

### गांव बुआना से महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बुआना से महिला के संदिग्ध हालात में महिला के गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### धान अवशेष प्रबंधन पर 65 प्रतिशत अनुदान

**कैथल।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबु लाल ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत किसानों, एफपीओ, सहकारी समितियों, पंचायतों एवं उद्योगों को बड़ी राहत दी है।

## हड़ताल समाप्त होते ही चिकित्सकों के कमरों, दवा खिड़की पर रही धक्का-मुक्की

# डॉक्टरों की एक घंटे की हड़ताल मरीजों पर पड़ी भारी

### सभी श्रेणी के अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशनों ने लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजिरी के विरोध में काम का बहिष्कार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक तथा अन्य स्टाफ ने सोमवार को सुबह दस बजे से 11 बजे तक एक घंटे की कामकाज छोड़ हड़ताल रखी। इस दौरान चिकित्सकों ने किसी भी तरह की ओपीडी नही की जबकि जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी, डिलवरी तथा पोस्टमार्टम जैसी अहम सेवाओं को बहाल रखा गया। एक घंटे के दौरान चिकित्सकों के न मिलने से मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल गंभीर मरीजों को ही इमरजेंसी में उपचार मिल पाया और वहां भी लोगों की भीड़ रही। 11 बजे चिकित्सकों ने अपनी हडताल समाप्त की और मरीजों को देखना शुरू किया। बावजूद इसके पूरा दिन चिकित्सकों के कमरे के बाहर लाइनें लगी रही। सोमवार को कुल ओपीडी 1890 रही। सीएमओ कार्यालय के सामने एकत्रित हुए स्वास्थ्यकर्मी, की नारेबाजी स्वास्थ्य विभाग की हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन, दंतक सर्जन एसोसिएशन, लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन, एनएचएम कर्मचारी संघ एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन सहित सभी श्रेणी के अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशनों ने लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजिरी के विरोध में सोमवार को सुबह दस से 11 बजे तक काम का बहिष्कार किया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी हडताल पर रहे और सीएमओ कार्यालय के सामने धरना देकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में मांगों को लेकर ज्ञापन सीएमओ डा. सुमन कोहली को सौंपा। एचसीएमए एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, राममेहर वर्मा ने बताया कि निजता और गोपनीयता को हनन करने वाली लोकेशन आधारित हाजिरी व्यवस्था को बंद करवाने के लिए पूरे हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी व कर्मचारी एक मंच पर आकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। राममेहर वर्मा ने कहा कि पिछले दो महीने से स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम व मिलकर जियो फेंसिंग हाजिरी को बंद करने की अपील की जा चुकी है लेकिन सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है। अधिकारी व कर्मचारियों पर सरकार के द्वारा आंदोलन जबरन थौंपा जा रहा है। इसलिए कोई विकल्प नहीं बचा। सोमवार को काम छोड़ो आंदोलन के माध्यम से भी सरकार से अपील की गई है कि जियो फेंसिंग व्यवस्था को वापस ले नही तो आंदोलन को आगे बढ़ाना मजबूरी होगी। एक घंटे की हडताल के दौरान निभाया जाएगा नैतिक फर्जः हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सक अपना नैतिक फर्ज निभाएंगे। सभी अस्पतालों में एमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा जाएगा। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है। 1850 हुई ओपीडी, एक घंटे तक भटके मरीज जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां प्रतिदिन सप्ताहभर में 1600 तक की ओपीडी होती है।

सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर 1800 से दो हजार तक पहुंच जाती है। सोमवार को अस्पताल खुलने के साथ ही मरीज पहुंचना शुरू हो गए। 10 बजे तक चिकित्सक अपने कमरों में बैठे और ओपीडी की। इसके बाद एक घंटे के लिए हडताल की। पूरे दिन में 1850 ओपीडी हुई। अस्पताल में उपचार के लिए आई रेखा ने बताया कि उसकी पैर की हड्डी में दर्द है लेकिन चिकित्सक एक घंटे हडताल पर हैं। अब उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना होगा। वहीं दमे के रोगी विकास ने बताया कि उसे दवा लेनी थी और वह सुबह ही पहुंच गया था। यहां चिकित्सक एक घंटे हडताल पर थे। उस से सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। जैसे ही एक घंटे की हडताल समाप्त कर चिकित्सक अपने कमरों में पहुंचे तो उपचार के लिए मारामारी शुरू हो गई।

### जींद नागरिक अस्पताल की ओपीडी 1890 रही, इमरजेंसी सेवाएं रही बहाल



जींद। सीएमओ को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य अधिकारी।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि





जुलाना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। चिकित्सकों के कमरों के बाहर भीड़। फोटो :हरिभूमि

#### जनता से भी की अपील

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सकों ने अपने नैतिक फर्ज को समझा है। सभी अस्पतालों में उमरजैंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया है। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

#### इमरजेंसी वार्ड के आगे रही लोगों की भीड़

जिला में वैसे ही चिकित्सकों की भारी कमी है बावजूद इसके जितने भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक उपलबध हैं वो भी एक घंटे की हड़ताल पर चले गए तो लोगों को उपचार के लिए भटकना पड़ा। हालांकि केवल एमरजैंसी सेवाएं ही बहाल रखी गई और एमरजेंसी वार्ड के सामने उपचार को लेकर लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

#### मेडिकल के लिए भटकते दिखे युवा

चिकित्सकों ने एक घंटे काम नही किया। जिसके चलते मेडिकल करवाने आए अभ्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। युवा राजेश व सुनील ने बताया कि उनका सिलेक्शन केंद्र सरकार की सेवा में हुआ है। वो मेडिकल करवाने के लिए आए थे लेकिन चिकित्सक की हडताल पर हैं। वो जल्द से जल्द मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाना चाह रहे थे लेकिन 11 बजे के बाद ही प्रक्रिया शुरू हो पाई।

#### सेवाओं को सुचारू रखा : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर जानकारी उच्च अधिकारियों को पहले ही उपलब्ध करवा दी गई थी। अस्पताल में एमरजैंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाओं को सुचारू रखा गया है। उन्होंने स्वयं अस्तपताल का दो से तीन बार दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया है। अस्तपाल को लेकर किसी तरह की किसी को कोई परेशानी नही आने दी गई है।



कैथल। नागरिक अस्पताल में हड़ताल कर बैठे चिकित्सक व अन्य कर्मचारी।

### कैथलः एक घंटे तक जांच, इलाज व दवा के लिए करना पड़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जियो फेंसिंग एप से हाजिरी का विरोध में जिले में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी एक घंटे की हड़ताल की। इन सभी कर्मियों ने सुबह 10 से 11 बजे तक आपातकालीन सेवाओं को छोड़ अन्य कोई काम नहीं किया। इस दौरान जिला व उप नागरिक अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीज व उनके साथ आए मरीज व उनके तीमारदार परेशान रहे। एक घंटे तक जांच, इलाज व दवा के लिए इंतजार करना पड़ा। यह लोग एक घंटे उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। 11 बजे हड़ताल खत्म कर डॉक्टर, स्टाफ व कर्मी काम पर लौटे, तब स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो पाईं। जिला नागरिक अस्पताल के पीएमओ डॉ. दिनेश कंसल, डॉ. सचिन मांडले, डॉ. अनिल अग्रवाल, अमित बूरा ने बताया कि बताया कि विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के तहत काम कर रहे डॉक्टर, स्टाफ व कर्मियों को जियो फेंसिंग एप से हाजिरी लगाने के आदेश दिए हैं, जिसका डॉक्टर, स्टाफ व कर्मी विरोध कर रहे हैं, क्योंकि यह एप निजी है, सरकारी नहीं। ऐसे में डॉक्टरों, स्टाफ व कर्मियों की निजी जानकारी का दुरुपयोग किए जाने का खतरा है। इसी कारण सभी में जारी किए गए आदेश पर रोष है। इसके विरोध में सुबह 10 से 11 बजे तक पेन डाउन हड़ताल की है, जिसमें डॉक्टर, स्टाफ व अन्य कर्मियों ने आपातकालीन सेवाओं केस छोड़ अन्य कोई काम नहीं किए। हड़ताल की सूचना के चलते सामान्य दिनों की तुलना में एक घंटे की हड़ताल से सोमवार को ओपीडी कम रही। सुबह 10 से 11 बजे तक जांच, इलाज व दवा के लिए मरीजों व उनके साथ आए मरीजों को इंतजार करना पड़ा। जिला नागरिक अस्पताल पहुंचे सिरटा निवासी रवि कुमार ने बताया कि उनकी माता को रीढ की हड्डी में दिक्कत है। उन्हें दिखाने के लिए आए हैं, यहां आने के बाद पता चला कि डॉक्टर व अन्य स्टाफ हड़ताल पर है, जो 11 बजे काम पर लौटेंगे। इसलिए परिसर में बैठ इंतजार कर रहे हैं।

#### जुलाना में स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों और चिकित्सकों ने जिओ फेसिंग के विरोध में सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। चिकित्सकों ने 10 बजे से लेकर 11 बजे तक ओपीडी भी बंद रखी। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान प्रदीप लाठर ने की। प्रदीप लाठर ने कहा कि सरकार ने जिओ फेसिंग जैसे तुगलकी फरमान वापस लेने चाहिए। तालमेल कमेटी इस संबंध में जो भी फैसला करेगी उस पर सभी कर्मचारी खरा उतरेंगे। इस मौके पर डा. अंशुल, डा. अनिल, सुदेश, रमेश काजल आदि मौजूद रहे।

### बाइक चोरी के 3 आरोपी काबू दो मोटरसाइकिल बरामद

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा 2 मामलों में 3 आरोपितों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 2 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव दुब्बल निवासी निवेश की शिकायत अनुसार 31 जुलाई को उसके घर के सामने से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार व एचसी लखविंद्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी कलायत निवासी पिंकू तथा रैम्पल को काबू कर लिया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। दूसरे मामले में थाना चीका पुलिस के एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव मलिकपुर निवासी सलीम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के बाद पूंडरी में उन्नीस रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सरकार द्वारा कलेक्टर रेट में संशोधन के बाद पूंडरी क्षेत्र में रजिस्ट्री गतिविधियों में दोबारा तेजी देखने को मिली है। तहसीलदार अंशुल अरोड़ा ने बताया कि नए रेट लागू होने के पहले ही दिन पूंडरी में कुल 19 रजिस्ट्री दर्ज की गईं। इनमें 5 संपत्तियों की बिक्री से जुड़ी, 10 मोरटगेज (बंधक) और 4 पारिवारिक हस्तांतरण की रजिस्ट्री शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूंडरी क्षेत्र में औसतन 10 प्रतिशत तक कलैक्टर रेट में वृद्धि की गई है, जबकि हुड्डा कॉलोनी जैसे प्रमुख इलाके में यह बढ़ोतरी 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अंशुल अरोड़ा ने इसे सरकार की राजस्व नीति का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि इस बदलाव का उद्देश्य पारदर्शी लेन-देन को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए आवश्यक आर्थिक संसाधनों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि रजिस्ट्री से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए विभागीय कार्यालय में संपर्क करें और संशोधित व्यवस्था का समुचित लाभ उठाएं। बता दें कि सरकार ने 30 जुलाई से सभी रजिस्ट्री कार्य अस्थायी रूप से रोक दिए थे।

### 840 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 840 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर पुलिस के एएसआई सलिंद्र सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान गांव छौत क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि गांव पाडला निवासी मोनू गांजा फूल पत्ती बेचना का काम करता हैं। जो आज गांव पाडला के पास सोसाइटी में खाली प्लॉट के अंदर नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती देने के लिए किसी के इंतजार में खड़ा हैं। जिसको उक्त स्थान पर दबिश देकर गांजा फूल पत्ती सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए उपरोक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी मोनू को काबू कर लिया गया।

## राजौंदः जनस्वास्थ्य विभाग की पाइपलाइन टूटने से मकानों में आई दरार, नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के वार्ड नंबर 11में पुरानी एक्सचेज के साथ जन स्वास्थ्य विभाग की पाइपलाइन टूटने से पानी मकान व दुकानों की नींव में जाने से मकान मालिक के लिए खतरा बन रहा है। इसे लेकर सोमवार को संबंधित विभाग के प्रति जमकर रोष प्रकट किया। इस बारे में मकान मालिक योगेंद्र व सुदेश ने बताया कि उनके मकान व दुकान के सामने कई दिनों से पानी निकल रहा था जिस पर उन्होंने दो बार जेसीबी मशीन लगवाकर मिट्टी भी डलवाई लेकिन पानी बंद नहीं हुआ। उन्होंने सोमवार को फिर जेसीबी मशीन लगाई तो नीचे गहरा गड्ढा बना हुआ था। उन्होंने देखा तो पानी लगातार बह रहा था। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन टूटी हुई थी और पानी निकलकर जमीन में उनके मकान व दुकान की नींव में जा रहा था। उन्होंने बताया कि तीन चार माह पहले जब जेसीबी मशीन के साथ सीवरेज की पाइप लाइन दबाई गई थी। तभी नीचे से पानी वाली पाइप लाइन टूट गई थी।



राजौंद। रोष प्रकट करते हुए दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

### अगले 24 घंटों के दौरान आकाश में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना

# झमाझम बारिश ने उमस से दिलाई राहत, फसलों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर तथा आसपास के इलाके में सोमवार शाम को झमाझम बारिश हुई। जिसने उमस के साथ किसानों को भी राहत देने का कार्य किया है। बारिश से फसलों को भी फायदा पहुचा है। जिसके साथ मौसम भी सुहाना हो गया। हालांकि कुछ स्थानों पर बरसाती पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 81 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। आकाश में बादलों के जमावड़े के साथ बारिश की फुहार भी पड़ती रही यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। जिसके चलते शहर में जगह-जगह पानी जमा हो गया। मानसून की सक्रियता से पिछले एक पांच दिनों से आकाश में बादलों को आवागमन लगा हुआ है। बिखराव में हलकी बारिश के साथ फुहार भी पड़ती रहती है। खुल कर एक साथ बारिश न होने के कारण मौसम में उमस बनी हुई थी। सोमवार को दिन का आगाज छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ बादल भी हलके हो गए और मौसम में उमस बन गई। शाम को मौसम ने करवट ली। जिसके साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश का सिलसिला रूक रूक देर शाम तक जारी रही। शहर में बरसाती पानी जमा होने के कारण लोगो को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञानिक डा राजेश ने बताया कि बारिश एक साथ न होकर बिखराव मे हो रही है। अगले 24 घंटो के दौरान आकाश मे बादल छाए रहने के साथ बारिश की सभावना है। तापमान मे भी गिरावट आएगी। सोमवार को सुबह और दोपहर बाद भी बारिश की फुहारों से मौसम सुहाना हुआ था लेकिन शाम को बरसात ने गर्मी को दूर किया। बरसात से फसलों को भी अच्छा खासा फायदा पहुंच रहा है।



जींद। बारिश के कारण जमा हुआ पानी। फोटो :हरिभूमि

#### फसल को काफी फायदा मिलेगा

पिछले कई दिनों से जिले में बारिश नहीं हो रही थी दो.तीन दिनों से जिले पर बादल मेहरबान बने हुए हैं। ऐसे में पिछले दो दिनों से बारिश और बूंदाबांदी का दौर चल रहा है। शुकवार को बाद शनिवार को भी कई जगह जिले में बरसात हुई थी। बूंदाबांदी और बारिश फसलों के लिए अच्छी मानी जाती है। अब बारिश से बाजरा, ग्वार, मूंग, नरमा ज्वार और धान की फसल को काफी फायदा मिलेगा।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, पांच पर केस दर्ज

**जींद।** गांव सिंसर में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका ने लगभग डेढ़ साल पहले लव मैरिज की थी। मृतका केमायका पक्ष ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की गला दबा कर हत्या की गई है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंसर निवासी राहुल की पत्नी शिवानी को बीती देर रात नरवाना के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया। ससुराल पक्ष का कहना था कि शिवानी ने फांसी लगा कर जान दी। जबकि मायका पक्ष का कहना था कि दहेज की डिमांड पूरी न होने पर शिवानी की हत्या की गई है।

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक कल

जींद। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन योजना को लेकर 6 अगस्त को प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा । इस बैठक की अध्यक्षता जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति के चेयरमैन एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। जानकारी आरटीए गिरीश कुमार ने दी। बैठक से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे छह अगस्त को लघु सचिवालय के सभागार में होने वाली इस बैठक में अवश्य पंहुचे।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव अंटा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो अगस्त को उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### एबीवीपी ने सौंपा वीसी को ज्ञापन

जींद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। विवि इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विवि द्वारा पार्ट टाइम टीचर की भर्ती की जा रही हैए लेकिन इन भर्तियों में कोई भी रोस्टर प्रक्रिया लागू नहीं की जा रही जोकि पूरी तरह से अवैध है। जिला संयोजक वीर सैन के अनुसार यूजीसी का रूल और एजुकेशन डिपार्टमेंट हरियाणा ने सभी विश्वविद्यालय को आदेश दिया है कि विद्यालय में सभी भर्ती रोस्टर प्रक्रिया से हो।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

जींद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थानीय न्यायिक परिसर व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि 13 सितंबर को जींद, नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसरों में लोक अदालत व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पैशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### इनसो के स्थापना दिवस पर जींद आएंगे आज दुष्यंत

जींद। इनसो के 23वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जींद की जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जजपा के प्रैस प्रवक्ता विकास जांगड़ा ने बताया कि शिविर में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला खास तौर पर शिरकत करेंगे।

### इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने लगाया हेल्प डेस्क

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में आयोजित ओपन काउंसलिंग के दौरान संगठन द्वारा हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नए छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, विषय चयन आदि में सहयोग देना था। डेस्क पर मौजूद छात्रों ने पूरे दिन आने वाले नवप्रवेशी छात्रों की सहायता की।

### मृत्यु-दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना ;दयालुद्ध अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है।

### मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वे दो किलोवाट का सोलर पैनल पर केंद्र की ओर से 60 हजार व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान है।

---

### श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष का रूद्राभिषेक

# सावन माह के अंतिम सोमवार को मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## श्रद्धालुओं ने शिव स्तुति, शिव मंत्र, शिव सहस्रनाम, शिव चालीसा का किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालयों व शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस साल श्रावण मास की शुरुआत 11 जुलाई को हुई थी और श्रावण मास की पूर्णिमा नौ अगस्त को सावन माह का समापन होगा। जिसके चलते पूरे सावन माह में चार सोमवार पड़े। सावन माह के अंतिम दिन होने के चलते शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान आशुतोष की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में जुट गए। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने दूध-पानी व अन्य सामग्री शिवलिंग पर चढ़ाई और सुखद भविष्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने शिव स्तुति, शिव मंत्र, शिव सहस्त्रनाम, शिव चालीसा, शिव तांडव, रुद्राष्टक, शिव पुराण और शिव आरती का पाठ किया। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालुओं ने शिव जी का पंचाक्षर मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप किया। श्रावण माह को भगवान भोलेनाथ की भक्ति का महीना माना गया है। ऐसे में शिवभक्त पूरे श्रावण माह में भगवान आशुतोष की नियमित रूप से सच्चे हृदय व मन से पूजा करते हैं उसके सारे कष्ट व पाप दूर हो जाते है। जो श्रद्धालु पूरे श्रवण मास में सच्चे मन से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करता है उस पर भगवान आशुतोष की विशेष कृपा होती है। पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि शिव पुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। हमें भगवान शिव की भक्ति उनकी गाथाओं का श्रवण करना चाहिए ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके।


जींद। सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान शिव की पूजा करते श्रद्धालु।


जींद। शिव मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर लाइन में लगे श्रद्धालु।

### मनोकामना पूर्ण के लिए भगवान शिव की पूजा की

उचाना। सावन माह के अंतिम सोमवार के दिन उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। यहां पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु लाइन में लगे नजर आए। सुबह ही मंदिर में श्रद्धालुओं को पहुंचाना शुरू हो गया। आम दिनों की अपेक्षा सावन माह का अंतिम सोमवार होने के चलते भीड़ अधिक मंदिर में रही। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ण के लिए भगवान शिव से पूजा अर्चना की। मंदिर पुजारी राजू शर्मा ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है। सावन माह में सोमवार को की गई पूजा का विशेष लाभ मिलता है। इस बार चार सोमवार सावन माह में है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरूआत हुई थी।

---

# 113 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट के तहत चयन

- राजकीय आईटीआई में हुआ कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में प्लेसमेंट और शिक्षुता कैंपस का आयोजन किया गया। कैंपस में जेसीबी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बल्लभगढ़, फरीदाबाद हरियाणा कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया की गई। इसमें विभिन्न ट्रेडों के 559 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और कंपनी ने 113 कैंडिडेट को इंटरव्यू की प्रक्रिया के आधार पर चयन किया। इस प्लेसमेंट कैंपस में हरियाणा के अलग-अलग जिलों के साथ-साथ दूसरे राज्य राजस्थान, हिमाचल, पंजाब, उत्तर प्रदेश के उम्मीदवारों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। जेसीबी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बल्लभगढ़, फरीदाबाद हरियाणा कंपनी क्रेन, डीजल इंजन, जनरेटर प्रोडक्ट बनाती है। जिन उम्मीदवारों का सिलेक्शन कंपनी ने इंटरव्यू के दौरान किया है उनको परफॉर्मेंस के बेस पर वेतन वृद्धि भी दी जाएगी। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की।


जींद। इंटरव्यू लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


जींद। सीट बढोत्तरी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

### कुलपति को सौंपा ज्ञापन

जींद। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कुलपति से मुलाकात की और विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई नेताओं ने बताया कि विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए हर साल हजारों छात्र आवेदन करते हैं लेकिन सीमित सीटों के कारण अधिकतर विद्यार्थियों को प्रवेश नही मिल पाता। इससे छात्रों को निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है। जो आर्थिक रूप से सभी के लिए संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि सभी स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या में तत्काल वृद्धि की जाए। विश्वविद्यालय को जिले के छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रवेश नीति तैयार करनी चाहिए। एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि सीआरएसयू जिले का प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान है। यहां के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित नही किया जाना चाहिए। यदि समय रहते सीटें नहीं बढ़ाई तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### खेतों के लिए जल देवता बने विधायक देवेंद्र अत्रीः सतनाम

उचाना। भाजपा युवा नेता सतनाम करसिंधु ने कहा कि भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री खेतों के लिए जल देवता बन गए है। इस बार जो रजबाहा में पानी लगातार दो महीने से आ रहा है ऐसा कभी नहीं हुआ था। कुछ लोग कहते है कि इस बार बारिश अधिक है तो पानी आ रहा है लेकिन उन लोगों को पता होना चाहिए कि बारिश पहले भी होती रही है कभी ऐसा नहीं हुआ कि रजबाहा दो महीनों तक लगातार लबाबल भरा चल रहा हो। इस बार बारिश उचाना क्षेत्र में कम है। रजबाहा में पानी लगातार आने से जो बारिश की कमी थी वो महसूस नहीं हुई है। खेतों में बंपर फसल इस बार नहरी पानी हर खेत में पर्याप्त मात्रा में पहुंचने से होने की उम्मीद है। हर गांव में इस बात की चर्चे है कि जो नहरी पानी इस बार मिला है उतना कभी नहीं मिला था। करसिंधु ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री खुद खेती करते है वो जमीन से जुड़े होने के साथ.साथ किसान पुत्र है। वो किसान की समस्याओं को जानते है।

---

### गलत नीतियों के खिलाफ नारेबाजी

नरवाना। नरवाना नागरिक अस्पताल में सुबह एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल व प्रदर्शन किया। हरियाणा डेंटल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कपिल शर्मा की अध्यक्षता में डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने हड़ताल में शामिल होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार द्वारा लायी गई गलत नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर उनका विरोध जतायाए और कहा कि सरकार द्वारा गलत नितियों को वापस नहीं लिया गया तो? हड़ताल वापस नहीं लिया गया तो उनको सरकार की नितियों के खिलाफ कठोर उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।



नरवाना। नारेबाजी करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि


जींद। बोतलों में गंदा पानी लेकर पहुंचे ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

जींद। गांव अहिरका के ग्रामीण सोमवार को समाधान शिविर में गंदे पेयजल सप्लाई के पानी को बोतलों में लेकर पहुंचे। ग्रामीणों जिला प्रशासन को दी शिकायत मै बताया कि गांव अहिरका में दो जलघर हैं जो भुमिगत पानी से संचालित हैं। इनका पानी लंबे समय से खराब हो चुका है और पानी की सप्लाई लाइन भी कई जगह से टूटी-फूटी है। जिस कारण गांव में गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। यह पानी पीने से गांव में अनेकों तरह की बीमारी फैली हुई है। ग्रामीण इसकी शिकायत अनेकों बार संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कर चुके हैं लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। कई बार तो सप्लाई ठीक करने के बहाने व खराब होने के बहाने से कई-कई दिन सप्लाई बंद रहती है। जिसके चलते ग्रामीण गंदा पानी ग्रामीण पीने पर मजबूर हो रहे हैं।

### सामाजिक न्याय जत्था पहुंचा जींद

जींद। जनवादी महिला समिति का सामाजिक न्याय जत्था कैथल से चलकर जींद पहुंचा। जींद के हाउसिंग बोर्ड, निडाना, किशनपुराए जलालपुर कलां, धर्म सिंह कालोनी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जत्थे का नेतृत्व जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव ऊषा सरोहा, राज्यध्यक्ष सविता, कोषाध्यक्ष अमिता, पूर्व राज्य महासचिव राजकुमारी दहिया एवं रिटायर्ड मुख्याध्यापिका सुरेश बाला ने किया। कार्यक्रमों की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशा व नूतन प्रकाश ने की। संचालन कोशिगन व कविता ने किया। उन्होंने कहा कि इस समय ऐसे जन जागरण जत्थों की आवश्यकता है जो महिलाओं के विरुद्ध होने वाले भेदभावों व शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं। जत्थे के बारे में बताते हुए राज्य महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति हरियाणा द्वारा संचालित सामाजिक न्याय जत्थे का उद्देश्य गीत, नाटक, नृत्य, नारे, साहित्य आदि के माध्यम से नशा खोरी, बेरोजगारी, अंधविश्वास, सामाजिक भेदभाव, रुढ़िवादए जातिवाद व साम्प्रदायिकता के खिलाफ़ जागरूकता पैदा करना है।


जींद। जत्थे को संबोधित करते सविता। फोटो :हरिभूमि


जींद। युवाओं को ट्रेनिंग देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अधिकारियों ने दी युवाओं को ट्रेनिंग

जींद। जिले के गांव में पेयजल और कनैक्शनों की स्थिति जाचने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सर्वे शुरू करवाएगा। प्रथम चरण में विभाग की तरफ से 16 गांव का चयन किया गया है। सोमवार को जानकारी देते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जींद के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से प्रथम चरण में घसो, अलेवा, करेला, बहादुरगढ़, दनौदा, खोखरी, धरोदी, पिल्लूखेड़ा, बराह कलां, बेलरखां, भौंसला, डाहौला, भगवानपुरा, जींद वार्ड आठ इन गांव में माई भारत पोर्टल से जुडे युवाओं से सर्वे करवाया जाएगा। सर्वे के दौरान ग्रामीणों को कनैक्शन वैध करवाने के आवेदन और प्रक्रिया संबंधित जानकारी दी जाएगी। एक माह में सर्वे की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ और समय पर पेयजल सप्लाई दिए जाने को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की तरफ से हर वर्ष अलग-अलग योजनाओं के तहत सर्वे करवाया जाता है।

---


नरवाना। दाखिला प्रक्रिया में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### रिक्त सीटों पर दाखिला प्रक्रिया जारी

नरवाना। हरियाणा उच्चत्तर शिक्षा विभाग पंचकूला के निर्देशानुसार पोस्ट ग्रेजुएट एमए दाखिला प्रक्रिया के लिए के एम राजकीय महाविद्यालय में एम ए हिंदी एमए अंग्रेजी एम ए पॉलिटिकल साइंसएएम ए हिस्ट्रीए एम काम तथा एमएससी केमेस्ट्री में बची हुई खाली सीटों को उनकी कैटेगरी मे 5 अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग द्वारा भरा जाएगा। दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मोहित ने बताया कि अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में भी उच्चतर विभाग द्वारा आज से पोर्टल खोल दिया गया है। बची हुई खाली सीटों पर प्रतिदिन फिजिकल काउंसलिंग के द्वारा इन सीटों को भरा जाएगा । जिन विद्यार्थियों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वे भी रजिस्ट्रेशन करवाके दाखिला प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।कॉलेज प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि विभाग के दिशा निर्देशानुसार फिजिकल काउंसलिंग व डाक्यूमेंट्स वैरिफिकेशन की प्रक्रिया को समुचित ढंग से पूर्ण करवाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। दाखिला प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मूल दस्तावेज लेकर कमेटी के सामने उपस्थित होना होगा।

# चार दिवसीय बुलबुल कैंप में भाग लेने के लिए डीएवी के बच्चे रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में राज्यस्तरीय हीरक पंख बुलबुल कैम्प का आयोजन 4 से 7 अगस्त तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र अंबाला कैंट में किया जा रहा है। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के 15 बच्चे जोशविन एकनिष्का, इशिका, समायरा कौशल, सान्वी गोयल, महिमा, प्रिया, धुरविका, नव्या शर्मा, अनाया जैन, तन्वी, समायरा, दीपश्री, गव्या, लारिसा इस कैंप में अपनी अध्यापिका हर्ष व संध्या के मार्गदर्शन में भाग ले रहे हैं। जिला कमिश्नर द भारत स्काउट्स एंड गाइड्स डीएवी जोने रश्मि विद्यार्थी के दिशा-निर्देशन में डीएवी जोन के अन्य स्कूल भी भाग ले रहे हैं। रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि वहां बच्चे खेल-खेल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को करेंगे। बुलबुल के पाठ्यक्रम को सीखेंगे जैसे तारा कहानी, गांठे लगाना, व्यायाम एकई तरह के खेल, ए बुलबुल प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा झंडा गीत आदि और भी विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।


जींद। रवाना होते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते कांग्रेस युवा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग

जींद। जिला तथा प्रदेश में बढ़ती अपराधिक वारदातों के रोष स्वरूप यूथ कांग्रेस ने सोमवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष सुखा सिंह ने कहा कि पिछले 40 दिनों में 18 मर्डर की वारदाते हो चुकी हैं। शासन और प्रशासन नाम की कोई चीज नही है। प्रशासन सोया हुआ है और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। बढ़ती अपराधिक वारदातों के चलते व्यापारी पलायन करने को मजबूर हो चुके हैं। लोग सुबह घर से बाहर निकलते हैं लेकिन उन्हें भरोसा नही है कि शाम को घर आएंगे या नही। हालात इतने दयनीय हो चुके हैं कि सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। जिनकी हत्याएं हुई हैं वो अपना काम कर गुजारा कर रहे थे। वो राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम से बताना चाहते हैं कि आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नही है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में हुड्डा सरकार थी तो अपराधियों को खौफ होता था। बदमाशों को पता था अगर आपने कोई अपराध किया तो जेल में जाना पड़ेगा या हरियाणा छोड़ कर भागना पड़ेगा।

---

### परिचय सम्मेलन को लेकर शहर के अग्रवाल समाज के अग्र बंधुओ ने की बैठक

# सात सितंबर को जींद में होगा भव्य सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा आगामी सात सितंबर को महाराजा अग्रसेन स्कूल में प्रस्तावित उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक व युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर निजी होटल में शहर के अग्रवाल समाज के गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर के अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेतागण, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रमुख व्यापारियों और उद्योगपतियों ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक में परिचय सम्मेलन की रूपरेखा, प्रचार प्रसार तथा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जींद शहर के प्रबुद्ध वर्ग का आशीर्वाद भी लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने की। मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र अग्रवाल दिल्ली से, हरिओम भाली रोहतक से सहित कई वरिष्ठ समाजसेवी मंच पर उपस्थित रहे। इस बैठक में परिचय सम्मेलन प्रचार समिति के संयोजक पीसी जैन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन हरियाणा की महिला अध्यक्ष रजनीश जैन, अग्रवाल जागरूकता मंच के अध्यक्ष बीएस गर्ग, बाल धर्मार्थ अस्पताल के चेयरमेन आईडी गोयल, अग्रोहा धाम जींद के अध्यक्ष अशोक गोयल, अग्रवाल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश सिंघल, महाराजा अग्रसेन सदाव्रत अन्नक्षेत्र के प्रधान उमेश सिंगला, भारत विकास परिषद के संरक्षक प्रवीण जिंदल, एसडी स्कूल के प्रधान अनिल बंसल, प्रमुख उद्योगपति सतपाल जैन, अग्रवाल एकता मंच के प्रधान जयकुमार गोयल, रामधन जैन, सावर गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से आए राजेंद्र अग्रवाल व रोहतक से पधारे हरिओम भाली व अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन समाज के उन युवाओं व युवतियों के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। जो विवाह योग्य हैं लेकिन उन्हें उचित जीवनसाथी नहीं मिल पा रहा है। देशभर से हजारों की संख्या में अग्रवाल समाज के लोग सम्मेलन में भाग लेंगे व सैकड़ों जीवनसाथी के चयन के लिए मंच साझा करेंगे।


जींद। बैठक में गणमान्यों को सम्मानित करते प्रधान राजकुमार गोयल व अन्य।


जींद। स्वामी आदित्यवेश को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आर्य समाज धर्म और संस्कारों का जीवंत प्रहरी

जींद। बापौली कांड के उपरांत आर्य समाज द्वारा चलाए आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आर्य समाज जिला जींद की टीम का सोमवार को विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। यह बैठक जिला इकाई के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न हुई। जिसमें सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने स्वयं उपस्थित होकर टीम का आभार व्यक्त किया। स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आर्य समाज केवल एक संस्था नही अपितु धर्म, संस्कृति और संस्कारों का जीवंत प्रहरी है। इसने सती प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत, जातिवाद जैसे अनेक सामाजिक अभिषापों को मिटाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज जब धर्म पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में आर्य समाज का अस्तित्व और उसकी सक्रियता राष्ट्र के आत्मबल की पहचान है। आर्य समाज का हर कार्यकर्ता, सत्य, साहस और संयम का प्रतीक है। हमें अपने संगठन को गांव-गांव, गली-गली तक ले जाकर नवजागरण की ज्योति प्रज्जवलित करनी है। आचार्य सूर्यदेव आर्य ने कहा कि आर्य समाज एक संघर्षशील संगठन है, जो अपने ऋषियों की परंपरा को निभाते अन्याय का प्रतिकार करना जानता है।

## खबर संक्षेप

### पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एस आई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एचसी अनिल कुमार द्वारा आरोपी राजौंद निवासी संदीप को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2019 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 12 जून 2025 को पीओ घोषित किया गया था।

### हजारों रुपए का ट्रांसफार्मर चोरी

**कैथल** ।गांव जाखौली से चोर हजारों रुपए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम राजोंद के उपमंडल अभियंता योगेश कुमार ने थाना पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि 25 जुलाई को चोर गांव जखोली के किसान राजेंद्र कुमार के खेतों में रखा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 17500 बताई गई है। उप निरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच' की जानकारी दी

**पूंडरी।** एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सहयोग से सोमवार को सरकारी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बरसाना में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की लगभग 150 छात्राओं को गुड टच-बैड टच, पर्सनल हाइजीन और साइबर क्राइम के विषय में जानकारी दी गई। अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों से संवाद बनाए रखें।

### 10.5 लाख कीमत के 65 गुमशुदा मोबाइल फोन

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी के कुशल मार्गदर्शन में जिला की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह,एचसी दीपक, एचसी सुरेंद्र सिंह व सिपाही अनिल कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर माह जुलाई में आमजन के गुम हुए करीब 10.5 लाख रुपए से अधिक कीमत के 65 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उप पुलिस अधीक्षक सुशील प्रकाश द्वारा पुलिस लाइन कैथल में आज उक्त मोबाइल मालिकों को सौंपे गए।

### पात्र नागरिकों तक योजनाओं को लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है समाधान शिविर: डीसी प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर सरकारी योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों को सीधे तौर पर पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का हल एक ही स्थान पर मिले। शिविर में सभी अधिकारी उपस्थित रहते हुए जन शिकायतों का प्रभावी समाधान निकाले।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नारेबाजी कर जताया रोष

# 150 कच्चे सफाई कर्मचारियों को 4 महीने से नहीं मिल रहा वेतन, अफसरों से गुहार

आयुक्त कार्यालय व मिनी सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन किया और डीएमसी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** नपा कर्मचारी नारेबाजी करते हुए फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ बलॉक कमेटी कैथल ने कर्मचारियों की मांगो व समस्याओं को लेकर जिला आयुक्त कार्यालय व मिनी सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन किया और डीएमसी को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। डीएमसी ने सभी मांगों को जायज मानते हुऐ 8 अगस्त 2025 तक पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया धरना-प्रदर्शन मे बलोक के सभी पद अधिकारी दरोगा व भारी संख्या मे कच्चे पक्के सफाई कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ,ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान, सचिव विक्की टांक, जिला प्रधान गोरव टांक ने कहा कि नगर परिषद कैथल ने दुर्गा ट्रेडीग कंपनी नाम से टैंडर दिया गया था और उस समय ठेकेदार द्वारा 150 कर्मचारी सफाई कर्मचारी लगाये गए थे लेकिन ठेकेदार द्वारा जो वादा किया गया था उससे काम वेतन दिया जा रहा ह, सरकारी परिपत्र के अनुसार ईएसआई व ईपीएफ का उनके वेतन मे से कटा गया पैसा इनके खाते मे जमा नही किया जा रहा।

#### सुविधाएं भी नहीं

एक तो वेतन कम है और न समय पर दिया जा रहा है। सभी कच्चे कर्मचारियो को सरकारी परिपत्र के अनुसार गर्मी व सर्दी की वर्दी, जूते - जूराबे, बरसात के मौसम मे बरसाती, माक्स, दास्ताने, गलाऊज , काम के ओजरो मे कस्सी,रिक्सा व हाथ रेहड़ी हर महिने चार डिटॉल व सरसो का तेल देने मे आना -कानी की जा रही है। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ से अमित क्योड़क, मुकेश कुमार, सुशील कुमार, महिला विंग प्रधान संतरो देवी, वर्षा, सुरेखा, विधा, सरोज, पूजा कल्याण, बीना, रामदेव, सन्नी कांगडा, दर्शन कुमार, सुरेश कुमार, गोरव ,शिव कुमार टांक, प्रवीन, सन्नी, सचिन कुमार ,सुखविंद्र, मनीष कुमार, हरविंद्र, विक्की बालू, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।


कैथल। दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के समापन पर चेयर पर्सन लाभ सिंह लैलर के साथ टीम

## राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के परिसर में सीबीएसई द्वारा दिनांक 3 व 4 अगस्त को विषयफिजिकल एजुकेशन (व्यायाम शिक्षा) पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन जसप्रीत सिंह ,आशीष आनंद, प्रधानाचार्य मीनू नरवाल व एम डी लाभ सिंह लैलर जी द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें जसप्रीत सिंह (पटियाला) व आशीष आनंद (कुरुक्षेत्र) रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने रोचक गतिविधियों द्वारा, नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण, खेल भावना आलोचनात्मक सोच व नई शिक्षा नीति से शिक्षकों को अवगत करवाया ताकि वह इन तरीकों का उपयोग करके कक्षा में बच्चों का मानसिक व सर्वांगीण विकास कर सके और विद्यार्थियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सके। रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में कैथल जिले के विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने अपने भागीदारी निभाई और शिक्षण के नए-नए तरीकों का अध्ययन अर्जित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनू नरवाल ने कार्यक्रम की सराहना की ओर सभी अध्यापकों का धन्यवाद करते हुए बताया की नई शिक्षा नीति के अनुसार सीबीएसई में 50 घंटे का शिक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है इसलिए हमें समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमो में भाग लेते रहना चाहिए विद्यालय के चेयर पर्सन लाभ सिंह लैलर ने भी कार्यक्रम की सराहना की और बताया कि सीखने और शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती मानव अनवरत जीवन पर्यंत शिक्षा ग्रहण करता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से जलपान व्यवस्था उचित ढंग से सुनिश्चित की गई।

## हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लें लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आमजन में देशभक्ति की भावना को ओर मजबूत एवं प्रबल करने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में 15 अगस्त 79 वें स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में कई गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगीं। इसमें रंगोली प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, तिरंगा सेल्फी, सैनिकों को राखियां और चिट्ठियां भेजना और अपने घरों, सरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराना मुख्य रूप से शामिल हैं। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिन जिन विभागों की ड्यूटी लगाई है, संबंधित विभाग उसे जिम्मेदारी के साथ निभाएं। इस अभियान में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग मुख्य थीम रहेगा।


डीसी प्रीति

- एक सप्ताह तक सभी सरकारी कार्यालयों में चलेगा स्वच्छता अभियान

डीसी प्रीति सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। जिसके तहत पहले चरण में 8 अगस्त तक विभिन्न स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। थल सेना, वायुसेना और जल सेना को तिरंगा राखियां और चिट्ठियां भेजी जाएंगी।

#### सेल्फी वेबसाइट पर डालें

डीसी प्रीति ने बताया कि अभियान के तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त के बीच सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों में तिरंगा लगाने जैसी व्यवस्था की जाएगी। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। डीसी ने आमजन का आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रियता से भाग लें, ताकि अभियान को सार्थकता के साथ सफल बनाया जा सके।

### रोजगार के लिए दिया जा रहा ऋण : चंद्र प्रकाश

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कैथल के जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। निगम द्वारा एनएसएफडीसी योजना के तहत माइक्रो फाइनेंस स्कीम और टर्म लोन स्कीम चलाई जा रही है। इस स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के परिवारों को अपना स्वयं का कारोबार करने के लिए निगम द्वारा माइक्रो फाइनेंस स्कीम के तहत एक लाख रुपये व टर्म लोन स्कीम के तहत दो लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है। इस ऋण से व्यक्ति करियाना दुकान, मनियारी दुकान, सीएसी सेंटर, फ्रूट व सब्जी कार्य, बर्तन शॉप/फेरी, ई-रिक्शा, कपड़ा कार्य, मोबाइल रिपेयर, बिजली कार्य, दुकान, फर्नीचर कार्य, ब्यूटी पार्लर, हेयर सैलून इत्यादि का कार्य कर सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पीपीपी के अनुसार परिवार की वार्षिक आय (ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में) तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग : बदन सिंह आर्य

जड़ी बूटी दिवस पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार को जड़ी बूटी दिवस के शुभ अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान कैथल द्वारा पौधारोपण व वितरण का कार्य किया गया। भारत स्वाभिमान प्रभारी रामचरण ने बताया की हर वर्ष 4 अगस्त को पूरे भारतवर्ष में आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म दिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता है जो आज देवीलाल पार्क सेक्टर 20 व सन सिटी पार्क में मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ो पौधे लगाए गए जिसमें आमला अर्जुन जामुन चांदनी चमेली गुड़हल में अन्य वैराइटीज पौधे बांटे गए। पूरे जिला में लगभग 1200 से अधिक पौधों का लगाने व वितरण का कार्य किया गया। संगठन ने 5000 पौधे लगाने व वितरण का लक्ष्य लिया है। कोषाध्यक्ष व फाउंडर मेंबर बदन सिंह आर्य ने बताया कि पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसलिए हमें पौधे अवश्य लगनी चाहिए।

पतंजलि योग समिति के जिला युवा प्रभारी अनिल गुप्ता व शहरी युवा प्रभारी अनिल आर्य ने बताया की पौधों का संरक्षण अति आवश्यक है इसलिए योग के साथ-साथ पौधे लगाने व वितरण का कार्य संगठन से मिलकर सारे जिला में करेंगे। कार्यक्रम में विकास भटनागर, निधि भटनागर, हरदीप, जसवंत, रामपाल, सुशील गुप्ता, रमा, कमला नीलम, दर्शना, शकुंतला, राज, नरेश पंवार, प्रमोद शर्मा, धूप सिंह मौजूद रहे।


**कैथल।** सनसिटी पार्क में पौधारोपण करते पतंजलि समिति के सदस्य।


गुहला चीका। जड़ी बूटी के पौधों का वितरण करते पतंजलि योग समिति व आर्य समाज के सदस्य।

### औषधियों में गिलोय सर्वश्रेष्ठ : महावीर प्रजापति

**गुहला चीका।** पतंजलि योग समिति व आर्य समाज सभा चीका द्वारा आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। श्री विश्वकर्मा मंदिर में आचार्य सत्यवीर शास्त्री ने आचार्य बालकृष्ण की दीर्घायु के लिए वैदिक यज्ञ करवाया। सुबह योग कक्षा के बाद श्री विश्वकर्मा मंदिर व ताऊ देवीलाल पार्क चीका में जड़ी बूटी के पौधे लगाए व साधकों को घरों में लगाने के लिए तुलसी, एलोवेरा, गिलोय, नीम जामुन, नीबू, पत्थरचटा, सर्पगंधा, अमरुद, आम, शीशम पीपल, बड़, आंवला के पौधों का वितरण किया। इस मौके पर पतंजलि जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल, तहसील प्रभारी चरणदास गुप्ता युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापति भारत स्वाभिमान के प्रभारी जयभगवान प्रजापति, आर्य समाज के प्रधान सुरेन्द्र आर्य ने उपस्थित साधकों को आयुर्वेद के लाभों के बारे में बताया। आचार्य हरिओम शोकल ने स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ विश्व के लिए पौधारोपण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बालकृष्ण का जीवन कर्ममय, पुरुषार्थमय और परमार्थमय है। जो हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। मीडिया प्रभारी गुरमीत सीड़ा ने विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियों के प्रयोग और सावधानियों के बारे में बताया। इस अवसर पर ईश्वर सिंगला, इंद्रमोहन मितल, सुशील जिंदल, डिंपल कुमार, दीपक जिंदल, कश्मीर लाल गर्ग, विक्की आर्य, राजेश शर्मा, मोहन शर्मा, नीतीश भार्गव, योगेश भार्गव भी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बच्चों ने की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला चीका। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न स्कूलों के बच्चे पूरे हर्षोल्लास के साथ तैयारियां कर रहे है। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका के ग्राउंड में मनाया जाएगा। इस समारोह की प्रशासनिक तौर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

इस समारोह में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों का निरंतर अभ्यास किया जा रहा है। प्रशिक्षक बच्चों द्वारा दिए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को बारीकी से जांच कर तैयारियां करवा रहे है। सोमवार को भवानी मंदिर के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रिहर्सल की गई। समारोह के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका, इंडियन हाईटस इंटरनेशनल स्कूल चीका, जेवियर इंटरनेशनल अकैडमी चीका, ए.वी विद्या मंदिर चीका, एस.डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका, कोहिनूर इंटरनेशनल अकैडमी टटियाणा तथा सरदार प्रीतम सिंह मैमोरियल इंटरनेशनल स्कूल बदसुई के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की।

### जाट आईटीआई कैथल की ग्रेडिंग 7.5 से बढ़कर 8.2 तक पहुंची


**कैथल।** जाट आईटीआई कैथल की ग्रेडिंग बढ़ने पर खुशी जताते पदाधिकारी

**कैथल।** जाट आईटीआई कैथल की ग्रेडिंग 7.5 से 8.2 बढ़ने के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में जाट आईटीआई कैथल की ग्रेडिंग 7.5 से 8.2 बढ़ने के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी की प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन उपस्थित रहे। प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने जाट आईटीआई की उपलब्धियां को सराहा तथा प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों को अपनी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने प्रबंधक समिति को आगे भी कड़ी मेहनत का आश्वासन दिया तथा अपना स्तर और ऊंचा ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य सतबीर चहल,हंसराज मलिक,कुलदीप सिंह,दर्शन सिंह,महिपाल सिंह,रविंदर कुमार,विक्रम सिंह,विकास सिहं,कुलदीप सहारण,राजेश कुमार,अजय कुमार,दीपक कुमार तथा सुमन राविश निशा,ऑफिस सुपरीटेंडेंट धर्मवीर सिंह, असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट धर्मेंद्र उपस्थित रहे। मंच संचालन सतबीर चहल ने किया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक सतपाल जांबा ने चार गांवों में किया पौधारोपण

**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सोमवार को विधायक सतपाल जांबा ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ चार गांवों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:00 बजे गांव फरल से हुई, जहां खेल स्टेडियम में वृक्षारोपण किया गया। इसके बाद गांव खेड़ी रायवाली में सुबह 7:30 बजे शमशान घाट परिसर में पौधे लगाए गए। गांव बंदराना में सुबह 8:00 बजे सरकारी स्कूल परिसर में पौधारोपण हुआ, जबकि गांव बरोट में सुबह 8:30 बजे कम्युनिटी सेंट पौधे लगाए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे अब तक 48 गांवों में पौधारोपण कर चुके हैं और उनका लक्ष्य है कि अभियान के तहत 50 हजार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इन पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा की पेड़ हमारी प्रकृति की सांसें हैं। अगर हम पर्यावरण को संरक्षित रखना चाहते हैं तो हर व्यक्ति को आगे आना होगा और हर परिवार कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना होगा।



### संस्थान ने नए छात्रों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम करवाया

# एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ

- जीवन में नौकरी के पीछे भागने की जगह लक्ष्य निर्धारित कर भूमिका तय करें : प्रो . आर के गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय में उपस्थित अधिकारी व विद्यार्थी

विश्व में प्रतिस्पर्धात्मक माहौल के दृष्टिगत विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ लाइफ स्किल्ज, साफ्ट स्किल्ज तथा आईसीटी स्किल्ज में पारंगतता हासिल करनी होगी। जीवन में नौकरी के पीछे भागने की जगह निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थी जीवन में अपनी भूमिका तय करें। ये आह्वान एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के डीन एकेडमिक्स प्रो. आर के गुप्ता ने विश्वविद्यालय में- स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। नए सत्र के शुभारंभ में सुबह हवन का आयोजन किया गया । इसके उपरांत मल्टीपरपज हाल में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। डीन सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ.एकता चहल ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के सर्वांगिण विकास के एलि इन गतिविधियों में विद्यार्थियों को अवश्य शामिल होना चाहिए।

दाखिला निदेशक राजिंद्र गोयत ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान बनाने के लिए प्रयास करना होगा। हमें उत्कृष्टता की संस्कृति विकसित करते हुए विश्वविद्यालय के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना होगा। हमें अनुकूल माहौल बनाना होगा ताकि विश्वविद्यालय की छवि भी उत्कृष्ट बने। उन्होंने बताया कि भविष्य में वैल्यु एडेड कोर्सेज, रेमेडियल क्लासेज, विद्यार्थियों के कॅरियर मार्गदर्शन के कई कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। तकनीकी शिक्षा विशेषज्ञ सुमित भट्ट ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से बताया एवं वोकेशनल निदेशक वीरेंद्र भारद्वाज ने विश्वविद्यालय के विजन, मिशन तथा कोर वैल्युज बारे विस्तार से बताया।

#### विद्यार्थियों ने गीतों की प्रस्तुति दी

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डा. रेखा गुप्ता ने किया। विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम में गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज के कार्यक्रम में विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल , डायरेक्टर मैनेजमेंट डॉ बलराज ढांडा, विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ राजीव दहिया, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ मंजीत जाखड़, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार,संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा विश्वविद्यालय के अधिकारीगण शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### उपाध्यक्ष ने एचटेट परीक्षा की दी जानकारी

जींद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने बताया कि मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर पर मुलाकात कर गत दिनों हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई एचटेट की परीक्षा के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष और पारदर्शिता से ली गई परीक्षा के लिए उपाध्यक्ष और बोर्ड प्रशासन को बधाई दी।

### हर कर्मचारी का परिवार मेरा परिवार: सैनी

जींद। सीआरएसयू के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 48 लाख 30441 रुपये की राशि वितरित की। वीसी सैनी ने विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने विश्वविद्यालय में छह महीने से अधिक समय से कार्यरत 86 कर्मचारियों के बकाया वेतन के रूप में यह राशि वितरित की। यह राशि कर्मचारियों के शामिल होने के समय से ही लंबित थी।

### लोगों को अब पीने के लिए मिलेगा स्वच्छ पानी

नरवाना। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि धमतान साहिब के लोगों को अब पीने के लिए भाखड़ा का स्वच्छ पानी मिलेगा।। सरकार ने करीब 66 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में आगे कहा कि 17 अगस्त को नरवाना हलका के लोग विकास का नया जलवा देखेंगे।

### किठाना कॉलेज में हुई नए सत्र की शुरुआत

राजौंद। किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में बी.ए. बी.एड एवं बी.एस.सी बी.एड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम,शिक्षण प्रणाली,कॉलेज के नियमों एवं सुविधाओं की जानकारी देना था। प्राचार्या डा. निर्मल सिंहरोहा द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के नए चरण की बधाई दी और उन्हें शिक्षण एवं मूल्य-आधारित जीवन के प्रति प्रेरित किया।

### गांव को जाने वाली सड़क पर बने गड्ढें

राजौंद। गांव बीर बागड़ा को जाने वाली सड़क पर बने गहरे गड्ढे से हर कोई परेशान हो रहा है।सबसे ज्यादा परेशानी राजौंद में अपना कारोबार करने वाले लोगों को झेलनी पड़ रही है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ो लोग राजौंद आते जाते हैं। इसी मार्ग पर राजौंद थाना भी पड़ता है लेकिन राजौंद से निकलते ही पानी निकासी न होने से सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण हर कोई परेशान हो रहा है। सड़क पर खाली निकला भी मुश्किल है जहां गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ है वहीं कई बार अनजान वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिसका खामियाजा वाहन चालकों व आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीण रिंकू कुमार, शमशेर कुलदीप, सुभाष, रमेश, श्याम भट्ट राजू ने बताया कि वे हररोज अपनी दुकानों पर आते समय गड्ढों से परेशानी होती है।

---

### समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : एडीसी

# ग्रामीणों की मांग, सार्वजनिक स्थान से दूसरी जगह शिफ्ट हो शराब ठेका

■ सोमवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी विवेक आर्य। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीसी विवेक आर्य ने की। शिविर के दौरान उन्होंने आमजन की शिकायतों को सुना तथा उनके निवारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। शिविर में कुल छह नागरिकों की समस्याएं दर्ज की गई। जिनमें बिजली विभाग, राजस्व विभाग, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आवास, सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित शिकायतें सम्मिलित रही। एडीसी ने इन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों में एक प्रार्थी द्वारा वर्षा के कारण मकान क्षतिग्रस्त होने के उपरांत आर्थिक सहायता की मांग की गई। वहीं गांव जलालपुरा कलां से एक नागरिक द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। गांव बुआना के किसानों ने खेतों में बरसाती जलभराव की समस्या उठाई। उन्होंने आग्रह किया कि समय पर जल निकासी की व्यवस्था हो ताकि फसल की बुआई प्रभावित न हो। गांव बीबीपुर के ग्राम वासियों द्वारा शराब ठेके को सार्वजनिक क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई। एडीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर निरीक्षण करें और संबंधित शिकायतों का शीघ्रातिशीघ्र निपटान करें। इस अवसर पर नगराधीश मोनिका रानी, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### 60 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा की

इस अवसर पर एडीसी ने समाधान प्रकोष्ठ में विभागवार 60 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी शिकायत का समाधान निश्चित समयावधि में नहीं किया गया तो संबंधित विभाग को उत्तरदायी ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित करते हुए जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

---


जींद। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## मतदाताओं का मन अब कांग्रेस से उब चुका: अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

■ पहले ईवीएम व ईसी को दोषी ठहरा रहे राहुल गांधी।

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पहले राहुल गांधी ने ईवीएम को दोषी ठहराया। अब वे चुनाव आयोग को दोष दे रहे हैं। अगली बार वे गूगल मैप्स को दोषी ठहराएंगे कि उसने भाजपा समर्थकों को बूथों तक पहुंचा दिया। 2029 तक वे गुरुत्वाकर्षण को दोष देंगे कि वोट भाजपा की ओर खिंचते चले गए। हर बार कांग्रेस को मिली हार पर नया बहाना राहुल गांधीए कांग्रेस वाले बनाते है। जब कांग्रेस जीतती है तो तब ईवीएम सबकुछ सही नजर आता है। कांग्रेस की हार पर कांग्रेस को ईवीएम में कमी नजर आती है तो कभी कुछ नजर आता है। कांग्रेस से मतदाताओं का मन उतर चुका है। मतदाता इस बात को जानते है कि देशए आमजन के हित में कोई काम कर सकते है तो वो भाजपा एवं पीएम नरेंद्र मोदी है। वे अपने आवास पर जन समस्याओं को सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अत्री ने कहा कि सबको पता है कांग्रेस हाशिये पर है और मुद्दा विहीन है। मैं तो यह भी कहूंगा कि संसद में क्या हुआ सबने देखा। हमारी सेना तक का अपमान किया गया। जो विपक्ष को होना चाहिए थाए वह नहीं कर पाया। मैं तो यही कहूंगा कि कांग्रेस हासिए पर है और उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। हमारे पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज हर व्यक्ति समझ रहा है और पता है कि भाजपा ने क्या करके दिखाया है। पहलगाम में जो हमने ईंट का जवाब पत्थर से दिया वह सभी को पता है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत का मान सम्मान बढ़ाया है।

---

## गुरूकुल खेड़ा और कसूहन की टीमें जीती

■ खरकभूरा में आयोजित हो रही है छह दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


जींद। खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए बीईओ पुष्पा रानी। फोटो : हरिभूमि

खरक भूरा गांव के खेल स्टेडियम में चल रही छह दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चौथे दिन विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई। लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ियों ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। चौथे दिन की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी ने की। सरकारीए गैर सरकारी स्कूलों के दो हजार के करीब विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है। पहले तीन दिनों तक लड़कों के वर्ग की अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। अब लड़कियों के वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। खेलों को लेकर पुख्ता इंतजाम शिक्षा विभाग द्वारा किए गए हैं। पुष्पा रानी ने कहा कि सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस मौके पर प्रिंसिपल सज्जन कुमार, कमल बैनीवाल, जोगिंद्र, संदीप कुमारी, डीपीई बलकार सिंह, जसवंत सिंहए कार्यक्रम इंचार्ज महेंद्र श्योकंद मौजूद रहे।

#### ये रहे परिणाम

अंडर 14 में खो-खोमें प्रथम भौसला, द्वितीय धनखड़ी, अंडर 17 में प्रथम धनखड़ी, द्वितीय छात्तर, अंडर 19में प्रथम कसूहन, द्वितीय छात्तर रहा। अंडर 14 में कबड्डी प्रथम करसिंधु, द्वितीय काकड़ोद, अंडर 17में प्रथम करसिंधु, द्वितीय काकड़ोद, अंडर 19 प्रथम गुरूकुल खेड़ा, द्वितीय बडनपुर, अंडर 14 में वालीबॉल प्रथम उचाना खुर्द, अंडर 17 प्रथम उचाना खुर्द, अंडर 19 प्रथम उचाना खुर्द रहा। कुश्ती 30 किलोग्राममें प्रथम एकता सेढ़ा माजरा, द्वितीय प्रतीक्षा दरोली खेड़ा, 33 किलोग्राममें प्रथम दिव्या उचाना, द्वितीय तमन्ना दरोली द्वितीय, 36 किलोग्राममें प्रथम विधि उचाना, द्वितीय प्रीति सेढ़ा माजरा, 39 किलोग्राममें प्रथम तमन्ना अलीपुरा, 42 किलोग्राम में प्रथम मनप्रीत सेढ़ा माजरा। 50 किलोग्राममें प्रथम अंशुल प्रथम दरोली रही। 54 किलोग्राममें प्रथम अन्नू अलीपुरा, द्वितीय नीकिता उचाना, 58 किलोग्राममें प्रथम अंकिता शिवानिया स्कूल प्रथम रहा।

---

## डीएवी कॉलेज पूंडरी में नए-सत्र का हवन यज्ञ के साथ हुआ प्रारम्भ

गणमान्य जनों और स्टाफ ने डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


कैथल। डीएवी कॉलेज पूण्डरी में नए-सत्र का हवन यज्ञ करते कॉलेज स्टाफ।

डीएवी कॉलेज पूण्डरी में नए-सत्र का प्रारम्भ हवन यज्ञ द्वारा किया गया। यजमान के रूप में कार्यकारी प्राचार्य राजेश तुरान व शहर के गणमान्य व्यक्तियों तथा स्टॉफ सदस्यों ने हवन में आहुतियाँ डाली। हवन यज्ञ के बाद कार्यकारी प्राचार्य राजेश तुरान ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हवन यज्ञ हमारी वैदिक संस्कृति का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को शुद्व और अनुशासित बनाने का माध्यम है। शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्ति का साधन न मानें, बल्कि इसें संस्कार, नैतिकता और व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनाएं और एक दूसरे का सहयोग करें। कॉलेज में आने वाले समय में सभी तरह की गतिविधियों से बच्चों को चहुमुंखी विकास किया जाता रहेगा, आपको कोई भी दिक्कत हो तो किसी भी समय मेरे पास आए, एनसीसी में भी कॉलेज में समय समय पर सेना से सैनिक आकर हमारे विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार का सैन्य प्रशिक्षण देते है तो आइए, हम सब मिलकर कॉलेज को नई ऊँचाईयों तक ले जाने का सकल्प लें। हवन के बाद कॉलेज परिवार ने स्वच्छता और हरियाली को बढावा देने का सकल्प भी किया। समापन शांति पाठ और सामूहिक मंगलकामनाओं के साथ हुआ। प्राध्यापक दीपक राणा ने किया। इस अवसर पर राकेश गोस्वामी चैयरमैन प्रतिनिधि नगरपालिका पूण्डरी, जितेन्द्र टाया जिला पार्षद प्रतिनिधि, पार्षद नगरपालिका पूण्डरी मौजूद रहे।

---


कैथल। कैथल की बेटी सिमरन कैरो व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आठवीं एशियन कुराश चैंपियनशिप में कैथल की बेटी सिमरन कैरो ने जीता स्वर्ण पदक

कैथल। रिपब्लिक ऑफ कोरिया में एक से अगस्त तक चल रही एशियन कुराश चैंपियनशिप में अंतिम दिन कैथल की बेटी सिमरन ने सीनियर वर्ग में -48 किलो भार वजन में स्वर्ण पदक जीत कर कैथल ही नहीं, बल्कि हरियाणा और पूरे भारत वर्ष का नाम विश्व में रोशन किया है। जिला सचिव मनोज कुमार और हरियाणा कुराश संघ के सह सचिव संदीप कुमार ने बताया कि सिमरन बहुत ही मेहनती लड़की है इस समय आरकेएसडी कॉलेज की बीए द्वितीय की छात्रा है। सिमरन के पिता एक किसान है और देबवन वाली गामडी कैथल से हैं। उनकी माता गृहिणी है। जूडो कोच जोगिंदर ने बताया कि सिमरन जूडो और कुराश दोनों में करीब 10 इंटरनेशनल टूर्नामेंट खेल चुकी है। नेशनल लेवल पर भी 10 पदक जीत चुकी है, पिछले वर्ष जूनियर एशियन कुराश चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। इसे अलावा जूडो में वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन जूनियर चैंपियनशिप खेल चुकी है।

---

## युवा मोबाइल का करें सीमित उपयोग किताबों को बनाएं अपना मित्र: खटकड़

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोघडिया में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बच्चों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रामफल खटकड़।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घोघडिया में वरिष्ठ साहित्यकार रामफल खटकड़ का विशेष व्याख्यान हुआ। रामफल खटकड़ ने बच्चों को सतत अध्ययन और आत्म संयम का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल का सीमित प्रयोग करना चाहिए और पुस्तकों को अपना मित्र बनना चाहिए। बच्चों को स्वाध्याय की आदत अवश्य डालनी चाहिए। क्योंकि पुस्तक स्थाई ज्ञान देती हैं। जो बच्चा साहित्य के प्रति अनुरक्ति रखता है वह स्वयं के लिए भी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर समाज तथा राष्ट्र का भी उपयोगी नागरिक बनता है।

अध्ययन की तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि 20 प्रतिशत अध्ययन करें तो 80 प्रतिशत पुनरावृत्ति करें। कार्यक्रम में पहुंचने पर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य जितेंद्र कुमार व सहदेव समर्पित ने बताया कि रामफल खटकड़ जींद के साहित्य आकाश के चमकते सूर्य के समान हैं। उन्होंने अनेक साहित्यकारों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया। आलोचना साहित्य पर रामफल खटकड़ का कार्य अतुल्य है। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, शिव कुमार, दीक्षा कपूर, आशा, सुशीला, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, जितेंद्र, अजमेर सिंह सहित वरिष्ठ प्राध्यापक व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## रक्षाबंधन पर बुध उदय से कर्क सहित कई राशियों का चमकेगा भाग्य : अशोक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



■ कहा : मेष सहित छह राशियों का चमेगा भाग्य

महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन पर बुध ग्रह कर्क राशि में उदित होने जा रहे हैं। बीते 24 जुलाई 2025 को बुध ग्रह कर्क राशि में संचार करते हुए अस्त हो गए थे और अब नौ अगस्त को उदित होंगे। चूंकि कोई भी ग्रह जब अस्त होता है तो उसके प्रभाव और मूल गुणों में कमी आती है जबकि उदित होने पर वह पुराने प्रभाव में लौट आता है। ऐसे में बुद्धि, संवाद और कारोबार के कारक ग्रह बुध के जल राशि कर्क में उदित होने से मेष सहित छह राशियों का भाग्य चमकेगा। इन राशियों की कमाई बढ़ेगी और ये सफलता का स्वाद चखेंगे। उन्होंने बताया कि बुध ग्रह मेष राशि के तीसरे और छठे भाव के स्वामी हैं और राखी वाले दिन चौथे भाव में उदित होने जा रहे हैं। ऐसे में मेष राशि के जातकों को अनुकूल परिणाम मिलेंगे। आपकी निर्णय क्षमता मजबूत होगी। मिथुन राशि की कुंडली में बुध पहले और चौथे भाव के स्वामी हैं और रक्षाबंधन के दिन दूसरे भाव में उदित हो रहे हैं। ऐसे में मिथुन राशि वालों के लिए यह समय शानदार रहने वाला है। लेखन के क्षेत्र से जुड़े जातकों के काम को नई पहचान मिल सकती है। बुध ग्रह कर्क राशि के जातकों की कुंडली में तीसरे और 12वें भाव के स्वामी हैं और पहले यानी लग्न भाव में उदित हो रहे हैं। ऐसे में कर्क राशि के लिए बुध का उदित होना शुभ होने जा रहा है।

---

## 12वीं कक्षा की नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर

■ कनरवाना निवासी विक्रम दो साल पहले इंस्टा से हुई थी दोस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नाबालिग लड़की से दुष्कर्म आरोप मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पहले लड़की से यौन उत्पीड़न किया और बाद में उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। किसी को बताने पर किशोरी को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी का दो दिन का रिमांड लिया है। नाबालिग ने नरवाना की एक कॉलोनी के रहने वाले विक्रम नामक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। वहीं, मामले में आरोपी के एक अन्य सहयोगी के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया। इस संबंध में लड़की के चाचा ने कलायत थाने में शिकायत दी। चाचा की शिकायत के अनुसार उसकी 17 वर्षीय भतीजी गांव के नजदीक एक स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती है। करीब दो साल पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए नरवाना के विक्रम से हो गई। दोनों में आपस बातचीत होने लगी। कुछ दिन पहले आरोपी उसकी भतीजी को बाइक पर बैठाकर नरवाना के एक होटल में ले गया और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी वीडियो बना ली और वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। जब परिजनों ने मायूसी का कारण पूछा तो लड़की ने घटना के बारे में बताया। परिजनों ने थाने पहुंचे और शिकायत दी। महिला थाना एसएचओ वीना ने बताया कि पुलिस ने मामले में दो युवकों के खिलाफ कलायत थाना में केस दर्ज है।

---

### अपराधियों के डर के कारण 328 शराब के ठेकों की नहीं हुई बोली

# लूटपाट, फिरौती, फायरिंग व हत्याओं की वारदातों से व्यापारियों और आमजन में भय : बजरंग गर्ग

नशाखोरी और बेरोजगारी से निपटने को ठोस कदम उठाए सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने निजी होटल में व्यापारियों की मीटिंग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में लगातार अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती, फायरिंग व हत्याओं की वारदातें करने से प्रदेश के व्यापारी व आम जनता में बड़ी भारी नाराजगी है। जींद जिले में सिर्फ एक महीने में लगभग 17 से ज्यादा हत्या होना चिंता का विषय है। अब जींद में विनोद बंसल को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। कुछ समय पहले अपराधियों द्वारा विनोद बंसल के भाई की हत्या कर दी गई थी। हरियाणा में हर रोज लगभग तीन से ज्यादा हत्या हो रही है। यहां तक कि रोहतक में एक महिला की हत्या करके कई टुकड़े करना बहुत बड़ा चिंता का विषय है। अपराधी जेल व विदेशों में बैठ कर अपना गैंग चला कर फिरौती व मंथली मांगना आम बात हो गई है और खुलेआम फायरिंग करके जान से मारने की धमकी अपराधियों द्वारा दी जा रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधियों पर किसी प्रकार का सरकार का कोई खौफ नही है जबकि अपराधियों द्वारा पिछले दिनों जींद,कुरुक्षेत्र, पानीपत में शराब कारोबारी की दिनदिहाड़े हत्या कर दी गई थी। अपराधियों के डर के कारण हरियाणा में लगभग 328 शराब के ठेकों की बोली तक नहीं हुई है। अपराधी शराब ठेकेदारों से ठेके में अपना हिस्सा मांग रहे थे। हिस्सा ना देने पर शराब के व्यापारियों को जान से मारने की धमकियां दी जा रही थी। ऐसे में शराब के ठेकेदारों ने ठेके ना लेना ही उचित समझा। हरियाणा का व्यापारी व आम जनता अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है। सरकार व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा करने में विफल सिद्ध हुई है। सरकार को व्यापारी व आम जनता की जानवर की सुरक्षा के लिए पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करने चाहिए और सरकार को अपराधियों का पक्का ईलाज करना चाहिए। सरकार को भी जैसे को तैसे वाली नीति अपनानी चाहिए। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धस्सती जा रही है। नशा कॉलेज के अंदर व बाहर खुले में बिक रहा है। हरियाणा में नशे का बढने का मुख्य कारण प्रदेश में लगातार बेरोजगारी बढना है। सरकार को नशे पर अंकुश लगाने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए और बेरोजगारों युवाओं को सरकारी पदों पर नौकरी सरकार को देनी चाहिए। इस मौके पर महावीर कंप्यूटर, राजकुमार गोयल, ईश्वर गोयल, रामविलास मित्तल, सुरेश गर्ग, सुरेश जिंदल, रामफल फौजी मौजूद रहे।